दिनांकः 06.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगें
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार रत्न और आभूषण उद्योग को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धं
- हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में आज मुहर्रम मनाया जा रहा है–शाम को ताज़िये निकाले जाएंगें
- प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–राज्य के 29 जिलों में आज बरसात का अलर्ट

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगें दो दिन के इस सम्मेलन से अलग प्रधानमंत्री ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा और अन्य नेताओं के साथ बैठक भी करेंगें इससे पहले श्री मोदी ने कल अर्जेंटीना के राष्ट्रपति खेवियर माइली के साथ बैठक कीं यह पिछले 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली अर्जेंटीना यात्रा थीं दोनों नेताओं की आपसी बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और औषधि सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनीं प्रधानमंत्री ने अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस ऑयर्स में कल महात्मा गांधी और रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित कीं ब्यूनस आयर्स के नगर प्रशासन ने प्रधानमंत्री को 'की टू द सिटी ऑफ ब्यूनस आयर्स' भेंट कियां

..........................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर का रत्न और आभूषण उद्योग हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अभिन्न अंग हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस उद्योग को हर संभव सहायता और प्रोत्साहन देकर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं श्री शर्मा कल रात जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित ज्वैलर्स एसोसिएशन शो–2025 के दूसरे दिन ज्वैलरी एमिनेंस अवाड्र्स समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि जयपुर की कुंदन और मीनाकारी कला दुनियाभर में अग्रणी हैं उन्होंने कहा कि युवाओं को इस क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उनके लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले जा सकते हैं श्री शर्मा ने कहा कि रत्न और आभूषण उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए, जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विस्तार होगा और हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगीं मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कृत भी कियां

..........................................................................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश को बौद्धिक और शारीरिक रूप में मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया हैं राज्यपाल कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विद्या भारती के प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि भारत ने ही शून्य की संख्या विश्व को दी हैं इसी से आगे की गिनती की शुरूआत होती हैं उन्होंने कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना ही शिक्षाविदों का प्रमुख काम होना चाहिएं इस अवसर पर श्री बागडे ने संस्कार राजस्थान के स्मृति अंक "जयदेव पाठक" का लोकार्पण भी कियां

..........................................................................

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जोधपुर रेल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर हैं इसी कड़ी में बाड़मेर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर हैं इस पर 16 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगीं जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि स्टेशन भवन के

निर्माण कार्य का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका हैं वहीं जैसलमेर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य भी अंतिम चरण में हैं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.........................................................................

विश्व बैंक ने भारत को दुनिया के सर्वाधिक समानता वाले देशों में शामिल किया हैं विश्व बैंक के अनुसार भारत का गिनी सूचकांक 25 दशमलव पांच है और यह भारत को विश्व में आर्थिक दृष्टि से चौथा सर्वाधिक समतावादी देश बनाता हैं पहले तीन देश स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं

.........................................................................

पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में आज मुहर्रम मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दीं इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शाम को ताज़ियों का जुलूस निकाला जाएगां राजधानी जयपुर में भी लगभग 300 छोटे–बड़े ताजिये निकाले जाएंगें इसमें सोने और चांदी से बने ताजिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगें इन ताज़ियों को शाम को करबला में सुपुर्द ए खाक किया जाएगां हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में ताज़िये और डोले शरीफ की सवारी निकाली जाएगीं

.........................................................................

इससे पहले कल रात को प्रदेश के विभिन्न इलाकों से ताज़ियों को बाहर लाया गयां ढोल–नगाड़ों और मातमी धुनों के साथ ताजियों को देर रात तक गलियों और चौपड़ों पर भ्रमण कराया गयां इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पुलिस दल तैनात किये हैं साथ ही ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी जा रही हैं जुलूस को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया हैं पुलिस ने लोगों से सौहार्द के साथ इस दिन को मनाने की अपील की हैं

.........................................................................

प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज जयंती हैं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश के सम्मान, मर्यादा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दीं श्री मोदी ने कहा कि उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए उनका बलिदान सभी को सदैव देश सेवा के लिए प्रेरणा देता रहेगां

.........................................................................

प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी हैं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के उत्तर–पश्चिम हिस्सों पर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ हैं इसके असर से आज राज्य के 29 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया हैं जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी और बहुत भारी बारिश होने की संभावना हैं उदयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बरसात हो सकती हैं भरतपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अगले 2–3 दिन मध्यम से तेज तथा कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान हैं

पिछले 24 घंटों में सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, नागौर, जयपुर और अजमेर सहित कई जिलों में 2 से 9 इंच तक बारिश दर्ज की गई सवाईमाधोपुर में भारी बारिश से शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई बारिश के चलते बांधों और जलस्त्रोतों पानी की आवक बनी हुई हैं इससे नदियों का जलस्तर बढ़ गया हैं कोटा बैराज और कालीसिंध बांध से पानी छोड़ा जा रहा हैं वहीं बीसलपुर बांध का जलस्तर भी बढ़कर 313 दशमलव सात चार आरएल मीटर हो गया हैं

.........................................................................